सं0 ए-35018/3/2013-प्रशा.1 तार-इनरपावर
भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,नई दिल्ली-110001
दूरभाष नं0 23715507, फैक्स नं0 23717519

दिनांक 19/01/2015

प्रति

(1) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
(2) अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ।
(3) विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सभी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/ स्वायत्तशासी/सांविधिक निकायों के अध्यक्ष/प्रधान ।
(4) सभी राज्य विद्युत बोर्डों/विद्युत यूटिलिटियों के अध्यक्ष ।
(5) सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के विद्युत सचिव ।
(6) सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति/सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/भारतीय प्रबंधन संस्थानों के प्रधान ।
(7) अध्यक्ष इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ।
(8) सचिव, पीएसईबी नई दिल्ली।

**विषयः प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में, सदस्य (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के सबंध में ।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में निदेशक (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण) के पद को भरने के लिए इस मंत्रालय के दिनांक 05.09.2014 के पत्र के तहत रिक्ति परिचालित की गई थी।

2. उपरोक्त पद के लिए अब नए आवेदन आमंत्रित करने के लिए निर्णय लिया गया है। जिन्होंने, यदि पात्र हैं, उपरोक्त उल्लिखित परिपत्र के प्रत्युत्तर में पहले आवेदन किया था, उन्हें अब आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

3. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य के पद का वेतनमान भारत सरकार के अपर सचिव के पद के समान 22,400-525-24,500 (संशोधन-पूर्व) [(67,000-79,000 रूपए (संशोधित)] है। इस पद के पदधारी केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार अन्य भत्तों/लाभों के हकदार होंगे ।